भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4788

उत्तर देने की तारीख: 22.07.2019

इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्र-शिक्षक अनुपात

4788. श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रतिवर्ष उत्तीर्ण होने वाले इंजीनियरिंग छात्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एआईसीटीई के अनुसार, इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्र-शिक्षक का अनुपात 20:1 होना चाहिए;

(ग) क्या सरकार सुनिश्चित करती है कि इंजीनियरिंग कॉलेजों द्वारा इस अनुपात का कड़ाई से पालन किया जा रहा है;

(घ) क्या सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में आवश्यक संकाय हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या देश में कोई तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान हैं;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या आंध्र प्रदेश में एक तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान शुरू करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): शैक्षणिक वर्ष 2017-18 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित इंजीनियरिंग कॉलेजों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों (अवर-स्नातक) की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

(ख) से (घ): एआईसीटीई मानकों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2018-19 से संकाय छात्र अनुपात 1:20 है, जो एक अनिवार्य अपेक्षा है। संस्थान प्रत्येक वर्ष स्व-घोषणा के अंतर्गत संकाय का ब्यौरा देता है। तथापि, संकाय छात्र अनुपात के मानकों के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, एआईसीटीई द्वारा संकाय का वास्तविक सत्यापन करने के लिए संस्थानों का औचक दौरा किया जाता है और एआईसीटीई मानकों के अनुसार दोषी संस्थानों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाती है।

(ङ) से (छ):- सरकार ने देश में चंड़ीगढ़, भोपाल, कोलकाता और चैन्नई में राष्ट्रीय तकनीकी अध्यापक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) स्थापित किए हैं। आंध्र प्रदेश में एक और एनआईटीटीटीआर स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि एनआईटीटीटीआर, चैन्नई पहले से ही इस क्षेत्र में अध्यापकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता की पूर्ति कर रहा है। इसके अलावा, एनआईटीटीटीआर, चैन्नई का एक एक्सटेंशन केंद्र आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में भी स्थित है। एआईसीटीई ने जयपुर, वडोदरा, तिरूवनंतपुरम और गुवाहाटी में एआईसीटीई प्रशिक्षण और अधिगम (अटल) अकादमी खोलने का निर्णय लिया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने भी आंध्र प्रदेश में अटल अकादमी की स्थापना करने में रूचि दिखाई है।

*****

अनुबंध

इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्र-शिक्षक अनुपात के संबंध में श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू द्वारा दिनांक 22.07.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 4788 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

	2017-2018
राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**उत्तीर्ण छात्रों की संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	199
आंध्र प्रदेश	70,911
अरुणाचल प्रदेश	177
असम	2,413
बिहार	3,974
चंडीगढ़	1,346
छत्तीसगढ़	6,544
दमन और दीव	0
दिल्ली	6,560
गोवा	868
गुजरात	47,187
हरियाणा	15,168
हिमाचल प्रदेश	1,879
जम्मू और कश्मीर	1,646
झारखंड	3,905
कर्नाटक	68,102
केरल	27,470
मध्य प्रदेश	41,764
महाराष्ट्र	1,16,834
मणिपुर	71
मेघालय	240
नागालैंड	49
ओडिशा	19,432
पुदुचेरी	3,616
पंजाब	17,196
राजस्थान	17,687
सिक्किम	0
तमिलनाडु	1,27,538
तेलंगाना	56,798
त्रिपुरा	2,69
उत्तर प्रदेश	48,470
उत्तराखंड	4,679
पश्चिम बंगाल	24,271
सकल योग	**7,37,263**

*****